Title: Need to provide air-connectivity to Sholapur, Maharashtra – laid.

श्री सुभाष सुरेशचंद्र देशमुख (शोलापुर) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र शोलापुर, महाराष्ट्र राज्य का काफी बड़ा शहर है तथा शोलापुर जिले के अंतर्गत विश्व प्रसिद्ध विट्ठल रुकुमई का मंदिर भी स्थित है। यहां पर देश विदेश से काफी संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। पिछले काफी समय से इस शहर को विमान सेवा से जोड़ने की मांग की जा रही है। लेकिन अभी तक इस शहर को विमान सेवा से नहीं जोड़ा गया है। यदि सोलापुर शहर को विमान सेवा से जोड़ दिया जाता है तो इससे न केवल सोलापुर के नागरिकों को बल्कि देश विदेश से विश्व प्रसिद्ध विट्ठल रुकुमई मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी आवागमन में काफी सुविधा होगी।